प्रो कबड्डी लीग में तेलुगु टाइटंस ने तमिल थलाइवास को हराकर जीत से की शुरुआत

हैदराबाद, (आरएनएस)। तेलुगु टाइटंस ने शुक्रवार को नई टीम तमिल थलाइवास को 32-27 से हराकर प्रो कबड्डी लीग के पांचवें सत्र में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। दूसरे मैच में पुनेरी पलटन ने यू मुंबा को 33-21 से पराजित किया। तेलुगु टाइटंस ने तमिल थलाइवास को पांच अंकों के अंतर से हराकर पूरे अंक हासिल किए। एक समय लग रहा था कि तेलुगु टाइटंस की टीम आसानी से यह मुकाबला जीत लेगी जब उसके पास 31-20 की बढ़त थी। लेकिन नई टीम ने आखिर तक संघर्ष नहीं छोड़ा। टाइटंस के कप्तान राहुल चौधरी ने सर्वाधिक दस अंक बटोरे। नीलेश सालुंके ने सात, विशाल भारद्वाज ने पांच और फरहाद मिलाघरदन ने चार अंक जुटाए। थलाइवास की तरफ से के. प्रपंजन ने सात, कप्तान अजय ठाकुर ने छह, अजरुन ने चार और विनीत ने तीन अंक बटोरे। दूसरे मैच में पहला अंक मुंबा ने हासिल किया, लेकिन फिर पलटन ने पलटवार करते हुए उसे पूरे मैच में पीछे रखा। पलटन ने जल्द ही पहले हाफ में 5-1 से बढ़त ले ली थी। मुंबा की टीम ने इस अंतर को पाटने की कोशिश की, लेकिन असफल रही। हाफ टाइम तक पलटन ने 17-10 की बढ़त ले ली थी। मुंबा की टीम ने दूसरे हाफ में वापसी करने की काफी कोशिशें की, लेकिन वह सफल नहीं रहीं। दूसरे हाफ में पलटन पूरी तरह से मुंबा पर हावी रही और अपने खाते में लगातार अंक जोड़ते हुए मैच जीत ले गई। उद्घाटन समारोह में बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार ने राष्ट्रगान गाया। इस अवसर पर मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर भी मौजूद थे जो थलाइवास टीम के सह मालिक हैं। अक्षय ने राष्ट्रगान के बाद तीन बार भारत माता की जय का नारा लगाया। स्टेडियम में मौजूद करीब पांच हजार दर्शकों ने जोरदार उत्साह के साथ उनका साथ दिया। सचिन ने कबड्डी की बढ़ती लोकप्रियता पर कहा कि मुझे बहुत खुशी है कि यह भारतीय खेल दिन प्रतिदिन लोकप्रियता की ऊंचाइयां छूता जा रहा है।

विश्व तैराकी चैंपियनशिपः ड्रैसेल ने सातवां स्वर्ण जीत फेल्प्स की बराबरी की

बुडापेस्ट, (आरएनएस)। अमेरिका की युवा सनसनी सेलेब ड्रैसेल ने रविवार को महान माइकल फेल्प्स के एक चैंपियनशिप में सात स्वर्ण पदक जीतने के विश्व रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। ड्रैसेल ने यह उपलब्धि अमेरिका के पुरुषों की चार गुणा 100 मीटर मेडले रिले स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीतने के साथ की। ड्रैसेल ने इस स्पर्धा में बटरफ्लाई चरण में अपना जलवा दिखाया। ओलंपिक में अब तक सर्वाधिक पदक जीतने वाले खिलाड़ी फेल्प्स ने दस साल पहले मेलबर्न में विश्व चैंपियनशिप में सात स्वर्ण पदक जीते थे। ड्रैसेल ने इससे पहले पुरुषों की 50 व 100 मीटर फ्रीस्टाइल, 100 मीटर बटरफ्लाई, चार गुणा 100 मीटर फ्रीस्टाइल रिले, 100 मीटर मिक्स्ड फ्रीस्टाइल रिले और चार गुणा 100 मीटर मिक्स्ड मेडले रिले में स्वर्णिम सफलता हासिल की।

प्रो कबड्डी लीगः रोमांचक मुकाबले में मुंबा से हारा हरियाणा

हैदराबाद, (आरएनएस)। नई नवेली टीम हरियाणा स्टीलर्स ने रविवार को पूर्व चैंपियन यू मुंबा को प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के पांचवें सत्र के अपने पहले ही मुकाबले में कड़ी चुनौती दी। हालांकि रोमांचक मुकाबले में मुंबा महज एक अंक से सत्र की अपनी पहली जीत दर्ज करने में सफल रही। हरियाणा ने भले ही 28-29 से यह मुकाबला गंवा दिया, लेकिन अपने शानदार खेल से उसने सभी का दिल जीत लिया। उसकी ओर से रेडर विकास खांडोल और वजीर सिंह ने छह-छह अंक जुटाए, जबकि कप्तान सुरेंद्र नाडा ने पांच और राकेश कुमार सिंह ने तीन अंक हासिल किए। अपने पहले मैच में तेलुगु टाइटंस के हाथों शिकस्त खाने वाली मुंबई के लिए काशीलिंग ने सात और कप्तान अनूप कुमार ने छह अंक जुटाकर टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। दिन के दूसरे मैच में बेंगलुरु बुल्स ने तेलुगु टाइटंस को 31-21 से हराकर जीत के साथ सत्र का आगाज किया। इस जीत से बेंगलुरु को पांच अंक मिले। टाइटंस की यह तीन मैचों में दूसरी हार है। वह छह अंकों के साथ जोन 'बी' में शीर्ष पर है।

मौत के मुंह से लौटा ये खिलाड़ी, अब मैदान पर है वापसी को तैयार

रियो डी जनेरियो, (आरएनएस)। भीषण विमान दुर्घटना में बच गए ब्राजीलियाई फुटबाल क्लब कापेकोएंसे के खिलाड़ी एलान रसचेल अगले महीने स्पेन के फुटबाल क्लब बार्सिलोना के खिलाफ होने वाले दोस्ताना मैच से मैदान पर वापसी करेंगे। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक, कापेकोएंसे जोआन गैम्पर ट्रॉफी में सात अगस्त को बार्सिलोना के घर में खेलेगी। आठ महीने पहले हुए विमान दुर्घटना में ब्राजीलियाई क्लब के 19 खिलाड़ियों और पूरे कोचिंग स्टाफ की मौत हो गई थी। कापेकोएंसे ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर कहा, 'एलान की वापसी उनके स्वास्थ्य और क्लब के पुनर्निर्माण के लिए बेहद जरूरी है'। बयान के मुताबिक, 'इस मैच के महत्व को ध्यान में रखते हुए इसे वापसी के लिए सही मौका समझा जा रहा था'। लामिया चार्टर्ड विमान, जिसमें कापेकोएंसे के खिलाड़ी यात्रा कर रहे थे, ईंधन खत्म होने के कारण मेडेलिन केपास एक पहाड़ी में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था जिसमें 70 लोगों की मौत हो गई थी। क्लब के निदेशक और 20 पत्रकारों में से अधिकांश लोग मारे गए थे। विमान में सवार सिर्फ छह लोग इस दुर्घटना में बचे, जिनमें से कापेकोएंसे के कापेकोएंसे खिलाड़ी, विमान चालक दल के दो सदस्य और एक पत्रकार शामिल था।

मिताली राज पर हो रही है इनामों की बारिश

तेलंगाना सरकार ने किया ये ऐलान

हैदराबाद, (आरएनएस)। तेलंगाना सरकार ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान मिताली राज को एक करोड़ रुपये का नकद पुरस्कार और प्लॉट देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने शुक्रवार को मिताली से मुलाकात के बाद उन्हें बधाई देते हुए यह घोषणा की। मुख्यमंत्री ने हाल में संपन्न महिला विश्व कप में मिताली की अगुआई वाली टीम के शानदार प्रदर्शन की तारीफ की। मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई। उसके अनुसार 34 साल की इस क्रिकेटर को एक करोड़ रुपये की इनामी राशि और 600 वर्ग गज का आवासीय प्लॉट दिया जाएगा। राव ने मिताली के कोच आरएसआर मूर्ति को भी सम्मानित किया और उन्हें 25 लाख रुपये का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की। महाराष्ट्र देगा 50-50 लाख : महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस ने महिला टीम में राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाली तीन खिलाड़ियों को विश्व कप में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 50-50 लाख रुपये देने का एलान किया। ये खिलाड़ी हैं, स्मृति मंदाना, मोना मेश्रम और पूनम राउत। इससे पहले फड़नवीस ने विधान भवन में तीनों खिलाड़ियों का अभिनंदन किया। मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने भी इन तीनों को पांच-पांच लाख रुपये देने का एलान किया। एमसीए ने तीनों खिलाड़ियों को मैदान पर दी जाने वाली सुविधा, एमसीए-बीकेसी की सदस्यता भी दी।

झूलन को प्रमोशन

भारतीय महिला टीम की तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी को उनके नियोक्ता एयर इंडिया ने प्रमोशन देने का फैसला किया है। झूलन ने कहा कि एयर इंडिया के मुख्य प्रबंध निदेशक ने मुझसे दिल्ली में मुलाकात की और उप प्रबंधक पद पर प्रमोशन का प्रस्ताव दिया। उन्हें कैब की ओर से आठ अगस्त को होने वाले वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में दस लाख रुपये का नकद इनाम देने की घोषणा की जा चुकी है।

निशानेबाजीः तेजस्विनी, अंजुम और मेहुली ने गोल्ड मेडल पर लगाया निशाना

नई दिल्ली, (आरएनएस)। महाराष्ट्र की निशानेबाज तेजस्विनी सावंत ने रविवार को यहां कुमार सुरेंद्र सिंह (केएसएस) मेमोरियल निशानेबाजी चैंपियनशिप में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा जीत ली। उन्होंने फाइनल में हरियाणा की अदिति सिंह को हराकर स्वर्ण पदक जीता। तेजस्विनी ने फाइनल में 454.7 का स्कोर किया, जबकि अदिति 453.4 का स्कोर करके रजत पदक जीत पाई। पंजाब की दिलरीन गिल 438.8 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीतने में सफल रही। बंगाल की मेहुली घोष ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल जूनियर स्पर्धा में स्वर्ण, जबकि मध्य प्रदेश की श्रेया अग्रवाल ने रजत पदक जीता। इसके अलावा घोष ने इसी स्पर्धा की यूथ कैटेगरी में रजत पदक अपने नाम किया तो अग्रवाल ने स्वर्ण पदक जीत लिया। शनिवार देर रात को चंडीगढ़ की 20 वर्षीय निशानेबाज अंजुम मुद्गल ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल में 251.3 का स्कोर कर स्वर्ण पदक जीता। इसके साथ कर्नाटक की मेघना सज्जनर को 248.2 के स्कोर के साथ रजत, जबकि रियो ओलंपियन अयोनिका पॉल 227 का स्कोर कर कांस्य पदक जीतने में सफल रहीं। जम्मू-कश्मीर की श्रेया सक्सेना ने महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन जूनियर स्पर्धा में 452.6 का स्कोर करके पीला तमगा अपने नाम किया। जबकि मध्य प्रदेश की प्रसिद्धि दूसरे और श्रेया पुरोहित तीसरे स्थान पर रहीं। शनिवार को 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा जीतने वाले हरियाणा के अनीश ने रविवार को भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। उन्होंने 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल जूनियर स्पर्धा में पंजाब के अनहद को हराकर स्वर्ण पदक जीता। अनीश ने 568 और अनहद ने 562 का स्कोर किया। एयरफोर्स के शिवम शुक्ला 558 स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

शिवा थापा और मनोज समेत पांच भारतीय मुक्केबाजों ने जीते गोल्ड मेडल

नई दिल्ली, (आरएनएस)। चेक रिपब्लिक में आयोजित 48वें ग्रां प्री उस्ती नाद लेबम टूर्नामेंट में भारतीय मुक्केबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 5 गोल्ड, 2 सिल्वर और एक ब्रॉन्ज मेडल जीता। वर्ल्ड चैंपियनशिप ब्रॉन्ज मेडलिस्ट शिवा थापा (60 किलोग्राम), पूर्व कॉमनवेल्थ गेम्स गोल्ड मेडलिस्ट मनोज कुमार (69 किलोग्राम), अमित पनघल (52 किलोग्राम), गौरव विधुरी (56 किलोग्राम) और सतीश कुमार (+91 किलोग्राम) ने भारत के लिए गोल्डन पंच लगाया और गोल्ड मेडल अपने नाम किया। इसके अलावा कविंदर बिष्ट (52 किलोग्राम) और मनीष पंवर (81 किलोग्राम) ने सिल्वर मेडल जीता साथ ही सुमित सांगवान (91 किलोग्राम) ने सेमीफाइनल में हार के बाद ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। अमित और कविंदर फाइनल में आमने-सामने थे। इन दोनों में से अमित (49 किलोग्राम) लाइट फ्लाइवेट के बॉक्सर हैं लेकिन उन्होंने फ्लाइवेट डीविजन में हिस्सा लिया। उन्होंने कविंदर को 3-2 से हारकर टॉप पोजिशन हासिल की। गौरव ने पोलैंड के लवानोव जारोसलॉ को बिना किसी दिक्कत के 5-0 से हराया। एशियन चैंपियनशिप में हाल ही में सिल्वर मेडल जीतने वाले शिवा थापा ने स्लोवाकिया के फिलिप मेसजारो पर एक तरफ जीत दर्ज करते हुए उसे 5-0 से हराया। ये जीत अगले महीने जर्मनी के हैम्बर्ग में होने वाली वर्ल्ड चैंपियनशिप से पहले शिवा थापा के लिए उत्साह बढ़ाने वाला होगा। अगले महीने हैम्बर्ग में हिस्सा लेने भारतीय बॉक्सर मनोज कुमार ने लोकल बॉक्सर डेविड कोर्ट को आसानी से 5-0 से हरा दिया। सतीश को अपना गोल्ड मेडल जीतने के लिए जर्मनी के मैक्स केलेर से कठिन संघर्ष करना पड़ा। सिल्वर मेडल जीतने वाले मनीष को जर्मनी के इब्राजिम ने हराया और उन्हें दूसरे नंबर से संतोष करना पड़ा।

हांकी भारतीय टीम में छह नए खिलाड़ियों की एंट्री

0-मनप्रीत सिंह को मिली कमान

नई दिल्ली, (आरएनएस)। छह नए खिलाड़ियों को बेल्जियम और नीदरलैंड्स दौरे के लिए मनप्रीत सिंह की अगुआई वाली भारतीय टीम में शामिल किया गया है। भारतीय टीम का यूरोप दौरा नौ अगस्त को बूम में बेल्जियम के खिलाफ मैच से शुरू होगा। चिंगलेनसना सिंह टीम के उपकप्तान होंगे, जबकि विश्व लीग सेमीफाइनल खेलने वाले कई प्रमुख खिलाड़ियों को आराम दिया गया है। छह नए खिलाड़ियों में गोलकीपर सूरज करकेरा, जूनियर विश्व कप के नायक वरुण कुमार, दिप्सान टिर्की, नीलकांत शर्मा, गुरजंत सिंह और अरमान कुरैशी शामिल हैं। अनुभवी ड्रैगफ्लिकर अमित रोहिदास भी टीम में हैं। मुख्य कोच रोलेंट ओल्टमेंस ने कहा कि हम इस दौरे पर युवा खिलाड़ियों को आजमाएंगे ताकि नए ओलंपिक सत्र में उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने का अनुभव दे सकें। उनके लिए नीदरलैंड्स और बेल्जियम जैसी कठिन टीमों के साथ खेलना जरूरी है जिसके दीर्घकालीन फायदे होंगे। भारत को यूरोप दौरे पर पांच मैच खेलने हैं। इससे पहले टीम पांच अगस्त तक बेंगलुरु स्थित साइ सेंटर में अभ्यास करेगी। **टीम** : गोलकीपर : आकाश चिकते, सूरज करकेरा। **डिफेंडर** : दिप्सान टिर्की, कोथाजीत सिंह, गुरिंदर सिंह, अमित रोहिदास, वरुण कुमार। **मिडफील्डर** : एसके उथप्पा, हरजीत सिंह, मनप्रीत सिंह (कप्तान), चिंगलेनसना सिंह, सुमित शर्मा। **फारवर्ड** : मनदीप सिंह, रमनदीप सिंह, ललित उपाध्याय, गुरजंत सिंह, अरमान कुरैशी।

मुक्केबाजी में मनोज कुमार, सतीश और मनीष ने फाइनल में बनाई जगह

नई दिल्ली, (आरएनएस)। पूर्व राष्ट्रमंडल खेल विजेता मनोज कुमार (69 किग्रा) और दो अन्य भारतीय चेक गणराज्य में चल रहे ग्रां.प्रि.उस्ति नाद लाबेम मुक्केबाजी टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंच गए। मनोज ने क्रिस्टियन चोलिंस्की को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। उनके अलावा सतीश कुमार (91 किग्रा)और मनीष पंवार (81 किग्रा) भी फाइनल में पहुच गए। सतीश ने चेक गणराज्य के एडम कोलारिक को हराया, जबकि मनीष ने भी स्थानीय मुक्केबाज कामिल लाडकी को मात दी। हालांकि आशीष कुमार क्वार्टर फाइनल में जर्मनी के अर्टिम हारुतयुंयन से हार गए। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता शिव थापा एक दिन पहले ही टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंच चुके हैं।

रोनाल्डो की गैरमौजूदगी में मेसी और गेरार्ड पिक ने बिखेरा जलवा, बार्सिलोना ने रीयल को हराया

मियामी, (आरएनएस)। नए सत्र से पहले दुनिया के दो दिग्गज क्लबों बार्सिलोना और रीयल मैडिड के बीच शनिवार रात को खेले गए मैत्री मैच का जादू मियामी में सिर चढ़कर बोला। रोमांच की इंतिहा तक पहुंचे इस मुकाबले में बार्सिलोना ने रीयल को 3-2 से पराजित किया। रीयल के स्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो की गैरमौजूदगी में अर्जेंटीनी स्टार लियोन मेसी और गेरार्ड पिक का मैजिक खूब चला। एक समय दो-दो से बराबरी पर चल रहे मुकाबले में पिक का गोल जीत में सहायक हुआ। स्पेन के इस अंतरराष्ट्रीय फुटबॉलर ने हार्ड रॉक स्टेडियम में 66,014 दर्शकों के सामने 50वें मिनट में नेमार की फ्री किक पर गोल दागा, जोकि आखिर में निर्णायक साबित हुआ। लियोन मेसी ने अपनी प्रसिद्धी के अनुरूप फिर से शानदार खेल दिखाया। उन्होंने तीसरे मिनट में ही गोल करके रीयल को दबाव में ला दिया। इसके चार मिनट बाद ही इवान रैकिटिच ने बार्सिलोना की तरफ से दूसरा गोल कर टीम को 2-0 से आगे कर दिया। एक समय ऐसा लग रहा था कि रीयल मैडिड आसानी से मैच गंवा देगी, क्योंकि शुरू में उसका खेल थोड़ा ढीला था। जिनेदिन जिदान की टीम ने हालांकि जल्द ही खुद को संभाला और आक्रमण तेज करते हुए बार्सा पर दबाव बनाना शुरू किया। इसका फायदा भी उसे मिला जब 13वें मिनट में माटेओ कोवासिक ने शानदार गोल दागकर स्कोर 1-2 कर दिया। इसके बाद भी रीयल ने आक्रामक रुख अपनाए रखा। रीयल के उभरते स्टार 21 माकरे असेनसियो ने 36वें मिनट में गेंद को जाल में अटकाकर अपनी टीम को 2-2 से बराबरी दिलाकर मैच को रोमांचक बना दिया। यह मैच जब रोमांच के चरम की ओर बढ़ रहा था तभी पिक ने 50वें मिनट में गोल कर कर बार्सिलोना को 3-0 से आगे कर दिया हालंकि उनका यह गोल निर्णायक साबित हुआ। इसके बाद रीयल मैडिड ने बराबरी के लिए कई प्रयास किए, लेकिन बार्सिलोना के खिलाड़ियों ने उन्हें कामयाब नहीं होने दिया। अगस्त में दो बार फिर होंगे आमने-सामनेः यह दोनों दिग्गज क्लब अगस्त में दो बार आमने-सामने होंगे। इनकी यह भिड़ंत स्पेनिश सुपर कप और इंटरनेशनल चैंपियंस कप में होगी। 26 साल बाद दोनों टीमों के बीच दोस्ताना मैच खेला गया। इससे पहले 1991 में बार्सिलोना और रीयल में मैत्री मैच खेला गया था।

02 बार दोनों टीमों ने स्पेन के बाहर कोई मैच खेला।

34 दोस्ताना और प्रदर्शनी मैच दोनों टीमों ने खेले हैं जिसमें से रीयल ने सिर्फ चार और बार्सिलोना ने 20 जीते हैं। दस मैच बेनतीजा रहे हैं।

233 मैच दोनों टीमों के बीच लीग या टूर्नामेंटों के दौरान खेले गए हैं, जिसमें से रीयल ने 93 और बार्सिलोना ने 91 जीते हैं। 49 मैच ड्रॉ रहे हैं।

Business News / बिजनेस न्यूज

सरकार को नीतिगत ब्याज दर में कटौती की उम्मीद

नई दिल्ली, (आरएनएस)। विकास की रफ्तार बढ़ाने के लिए सरकार इस बार भारतीय रिजर्व बैंक का पूरा साथ चाहती है। निचली ब्याज दरों को अर्थव्यवस्था में तेजी के लिए अहम मान रही सरकार चाहती है कि रिजर्व बैंक की तरफ से आगामी मौद्रिक नीति समीक्षा में ब्याज दरों में कम से कम 50 अंकों यानी आधा फीसद की कमी की जाए। सरकार की राय है कि महंगाई की दर से लेकर अर्थव्यवस्था के बाकी संकेतक भी इसके पक्ष में हैं। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) आगामी सप्ताह में दो दिवसीय बैठक में अर्थव्यवस्था की स्थिति की समीक्षा करेगी और इस आधार पर ब्याज दर के संबंध में फैसला लेगी। सूत्र बताते हैं कि शुक्रवार को रिजर्व बैंक के गवर्नर उर्जित पटेल की वित्त मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ हुई बैठक में उन्हें इस बात का स्पष्ट संकेत दे दिया गया है कि सरकार क्या चाहती है। बीते माह थोक और खुदरा महंगाई दोनों की दरें ऐतिहासिक तौर पर नीचे आ चुकी हैं और ये रिजर्व बैंक के चार फीसद के लक्ष्य से नीचे चल रही हैं। पिछली अर्ध तिमाही समीक्षा में भी सरकार रिजर्व बैंक से ब्याज दर में कटौती की उम्मीद लगाये थी। लेकिन रिजर्व बैंक ने रेपो रेट को यथावत बनाये रखा था। इस पर वित्त मंत्रालय में मुख्य आर्थिक सलाहकार अरविंद सुब्रमण्यम ने खुले तौर पर रिजर्व बैंक की आलोचना की थी। इस बार रिजर्व बैंक की मौद्रिक समिति की बैठक एक और दो अगस्त को मुंबई में होनी है। दो अगस्त को ही गवर्नर समिति के निर्णय की घोषणा करेंगे। वित्त मंत्रालय के अधिकारी के मुताबिक सरकार को लगता है कि ब्याज दरों में कटौती का यह मुफीद समय है। महंगाई की दरें कम हैं, कारखानों की रफ्तार धीमी है, अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहक निर्णय की आवश्यकता है। रिजर्व बैंक के सामने मौका है कि वह अर्थव्यवस्था की रफ्तार में सहायक बने। सूत्र बताते हैं कि वित्त मंत्रलय के अधिकारियों के साथ पटेल की बैठक में सरकार की इस राय से उन्हें अवगत भी करा दिया गया है। पिछले दिनों अर्थशास्त्रियों के बीच हुए सर्वे में भी दो तिहाई से अधिक ने ब्याज दरों में कटौती की संभावना जतायी है। जिन 56 अर्थशास्त्रियों को सर्वे में शामिल किया गया था उनमें से 40 का मानना है कि रिजर्व बैंक 25 बेसिस प्वाइंट यानी 0.25 फीसद कटौती कर सकता है। केवल दो अर्थशास्त्री मानते हैं कि यह कटौती 50 बेसिस प्वाइंट यानी आधा फीसद की हो सकती है। जबकि 14 अर्थशास्त्री ऐसे हैं जो यह मानते हैं कि दो अगस्त की समीक्षा में भी रिजर्व बैंक रेपो रेट की दरों को यथावत बनाये रख सकता है।

खेत से लेकर किसानों की जेब तक दिखने लगा कृषि क्षेत्र में सुधार के उपायों का असर

नई दिल्ली, (आरएनएस)। कृषि क्षेत्र में सुधार के उपायों का असर खेतों से लेकर किसानों की जेब तक होने लगा है। खेती की लागत में कटौती करने की सरकार की मंशा सिरे चढ़ने लगी है। फसल की अधिक उपज लेने की चाहत में फर्टिलाइजर के अंधाधुंध प्रयोग पर अंकुश दिखना शुरू हो गया है। जबकि रासायनिक खाद के संतुलित प्रयोग से उपज की पैदावार में बढ़त दर्ज की गई है। मिट्टी की सेहत जांचने की सरकार की योजना के सकारात्मक नतीजे सामने आने लगे हैं। खेती की लागत में कमी लाने और पैदावार बढ़ाने के लिए सरकार ने दोहरी योजना बनाई। इसके तहत लागत घटाने के कई उपाय किए गए, जिसमें मिट्टी की जांच को उच्च प्राथमिकता दी गई। कुल 12 करोड़ किसानों को स्वायल हेल्थ कार्ड देने का लक्ष्य तय किया गया। दो वर्ष के भीतर अब तक नौ करोड़ लोगों को यह कार्ड वितरित भी कर दिया गया है। मिट्टी की जांच होने के चलते बेहिसाब रासायनिक खादों के प्रयोग पर रोक लगी। उर्वरक की खपत में 10 फीसद तक की कमी आई है। कम खाद के इस्तेमाल के बावजूद 12 फीसद तक पैदावार में वृद्धि दर्ज की गई है। खेती की लागत घटाने में सफलता मिली है। संसदीय सलाहकार समिति की बैठक में केंद्रीय कृषि मंत्री राधा मोहन सिंह ने यह रिपोर्ट पेश की। 1समिति के सदस्यों ने स्वायल हेल्थ कार्ड के बारे में विस्तार से जानकारी मांगते हुए इसके फौरी नतीजे बताने को कहा। सिंह ने स्वायल हेल्थ कार्ड से किसानों में आई जागरूकता के बारे में बताया। कृषि मंत्री ने किसानों की आय बढ़ाने के अन्य उपायों के संबंध में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि खेती के साथ अन्य उद्यम पर जोर दिया जा रहा है। पशुपालन, मुर्गीपालन, बकरीपालन, मत्स्यपालन, मधुमक्खीपालन के साथ कृषि वानिकी जैसी योजनाओं को बढ़ावा दिया जा रहा है। स्वायल हेल्थ कार्ड बनाने के मामले में 16 राज्यों ने पूर्ण लक्ष्य प्राप्त कर लिया है। जबकि नौ राज्यों में इसी महीने के आखिर तक लक्ष्य पूरा हो जाएगा। लेकिन उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, पंजाब, असम, जम्मू-कश्मीर और मणिपुर जैसे सात राज्यों में स्वायल हेल्थ कार्ड बनाने की गति बहुत धीमी है।

कंपोजीशन स्कीम की समीक्षा कर सकती है केंद्र सरकार

नई दिल्ली, (आरएनएस)। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के तहत छोटे कारोबारियों के लिए शुरू हुई कंपोजीशन स्कीम व्यापारियों को रास नहीं आ रही है। जीएसटी में अब तक करीब 70 लाख असेसी जुड़ चुके हैं, लेकिन इनमें से मात्र एक लाख व्यापारियों ने ही कंपोजीशन स्कीम का चुनाव किया है। ऐसे में माना जा रहा है कि सरकार आने वाले दिनों में इस स्कीम की समीक्षा कर सकती है। सूत्रों ने कहा कि सरकार यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आखिर लघु उद्यमी कंपोजीशन स्कीम का विकल्प चुनने में हिचक क्यों दिखा रहे हैं। माना जा रहा है कि सरकार इस योजना को लोकप्रिय बनाने के लिए व्यापक स्तर पर प्रचार अभियान भी चला सकती है। स्कीम के तहत 75 लाख रुपये तक सालाना कारोबार वाले व्यापारी इस योजना के तहत पंजीकृत हो सकते हैं। हालांकि हिमाचल प्रदेश और पूर्वोत्तर के आठ राज्यों के संबंध में कंपोजीशन स्कीम की सीमा 50 लाख रुपये है।